**राहत** 93 .50 करोड़ से होगा मेडिकल कॉलेज होते हुए चुहिरी तक सड़क का निर्माण

# खराब सड़क से जूझ रहे लोगों को मिलेगी शीघ्र राहत







**नवभारत, शहडोल ।** शहडोल जिले में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शहडोल–मईका–लफ्दा–चुहिरी सड़क के उन्नयन कार्य का शुभारंभ किया गया। लंबे समय से खराब सड़क के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गड्ढों और जर्जर मार्ग के कारण आवागमन मुश्किल हो गया था, जिससे स्थानीय नागरिकों में काफी नाराज़गी भी थी। ऐसे में अब इस सड़क के निर्माण से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे इस बहुप्रतीक्षित कार्य का भूमिपूजन जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह और जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी ने किया।

यह सड़क उन्नयन परियोजना 34.4 किलोमीटर लंबी है और इस पर लगभग ?93.50 करोड़ की लागत आएगी। यह कार्य वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत किया जा रहा है। परियोजना पूरी होने के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में तेज़ी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। सड़क उन्नयन से न केवल लोगों का आवागमन आसान होगा बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोक निर्माण के माध्यम से लोककल्याण के उद्देश्य से काम कर रही है और हर गांव को अच्छी सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि लंबे समय से प्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज रोड का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। इससे मरीजों, छात्रों और आम नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। आने वाले समय में जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में और भी विकास कार्य स्वीकृत किए जाएंगे।

वहीं जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि सड़क उन्नयन से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रही है। स्वास्थ्य, शिक्षा, आवागमन, कृषि और सिंचाई जैसे क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, प्रियम त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य राजेश बैगा, संतोष लोहानी, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुद्रिका सिंह, इंजीनियरएन.पी. सिंह, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनपद सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण रोज़ाना दुर्घटना का खतरा बना रहता था और यात्रा में काफी समय लगता था। अब लोगों को उम्मीद है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा और क्षेत्र को बेहतर सड़क सुविधा मिल सकेगी।

# शहडोल में नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई



**▸730 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त**

**नवभारत, शहडोल ।** अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफपुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली पुलिस ने दुर्गा कॉलोनी में दबिश देकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीला कफ सिरप बरामद किया है। पुलिस ने मौके से 730 शीशी कफ सिरप जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। मामले में एक महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है। अवैध नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 21 फरवरी 2026 को पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि दुर्गा कॉलोनी स्थित एक मकान में बड़ी मात्रा में नशीला कफ सिरप रखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के टीन शेड वाले कमरे में रखी टंकी और बक्सों से 730 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया। प्रत्येक शीशी 100 एमएल की है। इस प्रकार कुल 73,000 मिलीलीटर (लगभग 73 लीटर) नशीला सिरप जब्त किया गया।

**महिला गिरफ्तार, कई आरोपी फरार**

पुलिस ने मौके से शबनम बी (46 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि वह अपने पति जाकिर हुसैन उर्फबंटी, पुत्र सेफखान, दामाद आमिल खान तथा रमेश जायसवाल निवासी खरा, थाना रामपुर नैकिन के साथ मिलकर अवैध रूप से कफ सिरप की खरीद–फरोख्त कर रही थी। बताया जा रहा है कि आरोपी इस नशीले सिरप को ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध लाभ कमा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट और मध्यप्रदेश ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी महिला को 22 फरवरी 2026 को न्यायालय में पेश किया गया। अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। इस पूरी कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक विशाखा उवेदी, उपनिरीक्षक राकेश बागरी, सहायक उपनिरीक्षक रजनीश तिवारी, कन्हैयालाल, प्रधान आरक्षक मायाराम अहिरवार, शिवकरण यादव, कैलाश प्रजापति, गंगा सिंह और आरक्षक दुलारी सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शहर में नशे के अवैध कारोबार को खत्म करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में नशे के नेटवर्क पर बड़ी चोट माना जा रहा है।



# आजीविका एक्सप्रेस से महिलाओं को मिला नया बाजार

**नवभारत, शहडोल ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले में स्वसहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों के विपणन के लिए आजीविका एक्सप्रेस चलित दुकानों का संचालन किया जा रहा है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।इस योजना के तहत स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प और अन्य उपयोगी वस्तुओं को जिले के सभी विकासखंडों तक पहुंचाया जा रहा है। चलित दुकानें साप्ताहिक हाट–बाजार और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री कर रही हैं, जिससे ग्रामीण उत्पादों को अच्छा बाजार मिल रहा है।इस कार्यक्रम की शुरुआत दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में दो वाहनों के साथ वीकेंड आधार पर की गई थी। सकारात्मक प्रतिसाद मिलने के बाद अब जिले के विभिन्न विकासखंडों में आठ वाहनों के माध्यम से आजीविका एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इन चलित दुकानों के माध्यम से अब तक लगभग 2 लाख 3 हजार 700 रुपये की बिक्री हो चुकी है। इससे स्वसहायता समूहों में उत्साह बढ़ा है और ग्रामीण महिलाओं की आय में भी वृद्धि हो रही है। प्रशासन का कहना है कि आने वाले समय में अन्य रूटों पर भी आजीविका एक्सप्रेस का विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण उत्पादों को बाजार मिल सके और महिला स्वसहायता समूहों को स्थायी आजीविका का मजबूत साधन प्राप्त हो सके।

# बद्री प्रसाद तिवारी बने अभा ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष



**नवभारत, शहडोल ।** शिक्षाविद एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य पंडित बद्री प्रसाद तिवारी को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के शहडोल जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। यह घोषणा जय स्तंभ चौक स्थित श्री शिव गणेश मंदिर में संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष दयाशंकर शुक्ला द्वारा की गई।कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने श्री तिवारी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इससे पूर्व जिला संयोजक पंडित अनिल शुक्ला ने उनका नाम प्रस्तावित किया, जिसका अनुमोदन संभाग अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ गर्ग ने किया।पंडित बद्री प्रसाद तिवारी शिक्षा क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखते हैं। वे डाइट सेंटर से प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और वर्तमान में जिला राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष भी हैं। उनकी नियुक्ति से संगठन को शहडोल मुख्यालय में शासकीय कर्मचारियों के बीच अनुशासनिक विस्तार और मजबूती मिलने की उम्मीद है। संगठन ब्राह्मण समाज के कल्याण, एकता और सामाजिक उत्थान के लिए कार्यरत है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पंडित शंभू प्रसाद द्विवेदी, सुशील शर्मा, गौरव द्विवेदी, राममिलन शर्मा, बीपी द्विवेदी, राजनारायण पांडे, अयोध्या प्रसाद मिश्रा, सुरेंद्र दुबे, एसपी त्रिपाठी, देवेंद्र द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।संगठन के सदस्यों ने नई जिम्मेदारी पर श्री तिवारी को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में शहडोल जिले में ब्राह्मण एकता परिषद का कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ेगा।

# कुपोषण का सच : 70 बिस्तरों की क्षमता में 95 बच्चे भर्ती




**नवभारत,शहडोल ।** जिले में कुपोषण की गंभीर स्थिति सामने आ रही है। पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) में क्षमता से कहीं अधिक बच्चों को भर्ती करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि 70 बिस्तरों की व्यवस्था वाले केंद्रों में 95 कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों का इलाज चल रहा है, जिससे व्यवस्था पर भारी दबाव साफ दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले के विभिन्न अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बनाए गए एनआरसी में बच्चों को उपचार, पोषण आहार और निगरानी की सुविधा दी जा रही है, लेकिन बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। कई केंद्रों में बिस्तरों से ज्यादा बच्चों को भर्ती करना पड़ा, जिसके चलते अतिरिक्त इंतजाम करने पड़े।

**कई केंद्रों में क्षमता से ज्यादा बच्चे**

जिला चिकित्सालय शहडोल के एनआरसी में 20 बिस्तरों की क्षमता के बावजूद 21 बच्चों का इलाज किया जा रहा है।ब्यौहारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 बिस्तरों के स्थान पर 15 बच्चे भर्ती हैं।जयसिंहनगर एनआरसी में 10 की क्षमता के खिलाफ13 बच्चों का उपचार चल रहा है।बुढ़ार एनआरसी में 10 बिस्तरों पर 14 बच्चे भर्ती हैं।गोहपारू एनआरसी में 10 के मुकाबले 14 बच्चे इलाज करा रहे हैं। सिंहपुर एनआरसी में हालात सबसे ज्यादा गंभीर हैं, यहां 10 बिस्तरों के बदले 18 बच्चे भर्ती हैं। जिले में कुपोषण की समस्या अभी भी गंभीर बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग बच्चों को संतुलित आहार, दवाएं और लगातार निगरानी देने का दावा कर रहा है, लेकिन बढ़ती संख्या यह संकेत दे रही है कि समस्या जड़ से खत्म नहीं हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि कुपोषण केवल स्वास्थ्य का नहीं बल्कि गरीबी, जागरूकता और पोषण की कमी से जुड़ा बड़ा सामाजिक मुद्दा है। अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में स्थिति और चिंताजनक हो सकती है।

**अतिरिक्त इंतजाम कर लगातार की जा रही मॉनीटरिंग**

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बिस्तर, पोषण सामग्री और मेडिकल स्टाफकी व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी भी बच्चे के इलाज में कमी न आए। अधिकारियों के अनुसार सभी एनआरसी में लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।हालांकि सवाल यह भी उठ रहा है कि जब क्षमता से 25 ज्यादा बच्चे भर्ती हैं तो जिले में कुपोषण की वास्तविक स्थिति कितनी गंभीर होगी। यही कारण है कि यह मुद्दा अब जिले में चर्चा का विषय बनता जा रहा है।

# सीसीटीवी कैमरे से रखी जा रही चालकों पर नजर, ई चालान व्यवस्था लागू



**नवभारत, कटनी।** शहर में वाहन चलाने के दौरान यातायात नियमों का उल्लघन करने वालों पर यातायात पुलिस सीसीटीवी कैमरे से नजर रख रही है। साथ ही ई चालान व्यवस्था लागू कर जुर्माना भी वसूल किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाने, रेड लाइट जम्प करने, रॉन्ग साइड वाहन चलाने और किसी भी प्रकार से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहन चालकों से कहा गया है कि वे अब सावधान हो जाएं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की तीसरी आंख पूरी तरह सक्रिय कर दी गई है। शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे न सिर्फ नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की गतिविधियों को रिकॉर्ड कर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ई–चालान प्रणाली लागू कर दी गई है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित वाहन चालक के मोबाइल नंबर पर ई–चालान की सूचना प्राप्त होगी। पुलिस ने वाहन चालकों से कहा है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित वाहन चलाएं। कानून– व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने पर वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया जाएगी।

# किराया जमा नहीं करने पर तीन दुकानों में लगाया ताला

**▸नगर निगम ने अपने स्वामित्व वाली दुकानों में की कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए बकाया वसूली में तेजी लाते हुए नगर निगम ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को प्रियदर्शिनी बस स्टैंड स्थित निगम स्वामित्व की तीन दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई की है। लंबे समय से संबंधित आवंटियों द्वारा दुकान किराया जमा नहीं करने पर यह कार्रवाई की गई। नगर निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि संबंधित आवंटियों को पूर्व में कई बार किराया राशि जमा करने के लिए सूचित किया गया था, किराया जमा करने के पर्याप्त अवसर भी दिए गए, लेकिन निर्धारित समयावधि में राशि निगम कोष में जमा नहीं की गई। जिसके बाद नियम के अनुसार तालाबंदी की कार्रवाई की गई है। उन्होने बताया कि बस स्टैंड की दुकान क्रमांक 23, 6 और क्रमांक 12 के आवंटी पर किराया की राशि बकाया थी।